दिनांक 10.05.2026
प्रेस विज्ञप्ति 252/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद कौशाम्बी/थाना मंझनपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 09.05.2026 को थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर संतू का डेरा नहर पुलिया हंजापुर के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त रईश अहमद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नगद रूपये, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कौशाम्बी के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना मंझनपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–रईश अहमद निवासी ग्राम तुर्तीपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी।

बरामदगी

1–नगद रूपये।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद बांदा/थाना बदौसा

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के पीली धातु के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 10.05.2026 को थाना बदौसा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम तुर्रा के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–आदेश घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–उमेश सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के पीली धातु के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01.05.2026 को थाना बदौसा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बदौसा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद पीली धातु के आभूषण लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त आदेश शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बांदा के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बदौसा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–आदेश निवासी पुनाहुर थाना बिसण्डा जनपद बांदा।

2–उमेश निवासी सत्यनियाव थाना बबेरू जनपद बांदा।

बरामदगी

1–लूट के पीली धातु के आभूषण।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

जनपद चन्दौली/थाना मुगलसराय

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 90 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 84 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **01 टेलर वाहन बरामद**

दिनांक 09.05.2026 को थाना मुगलसराय व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पराग डेयरी के पास से 02 अभियुक्तों 1–अखिलेश कुमार 2–अरविन्द कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 90 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 84 किलोग्राम अवैध गांजा, 01 टेलर वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मुगलसराय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अखिलेश कुमार निवासी ग्राम चिरैयाटांड थाना अरवल जनपद अरवल बिहार।

2–अरविन्द कुमार निवासी दरियापुर थाना रामपुर चोरम जनपद अरवल बिहार।

बरामदगी

1–लगभग 90 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 84 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–01 टेलर वाहन।

———————